**MGU UGP HONOURS EXAMINATION**

**AEC FOR SCIENCE – MG2AECHIN100**

**SECOND SEMESTER**

**MODEL QUESTION PAPER (HINDI)**

**Time: 1.5 hrs** **Marks :50**

**Students should attempt at least one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability.**

## Part A

**MULTIPLE CHOICE QUESTIONS**

**Answer all questions**

**Each question carries 1 marks**

**1.** ट्रांसजेंडर पर आधारित हिंदी का पहला उपन्यास कौन सा है ? [CO2] [R]

a)यमदीप b) किन्नर कथा

c) मैं पायल d) गुलाम मंडी

**2.** यमदीप उपन्यास में स्त्री शोषण का पर्दाफाश किस पात्र द्वारा किया जाता है ? [CO4] [U]

**a)** नाजबीबी b) सोना

c) मानवी d) छैलू

3. सोना की जुड़वाँ बहन का नाम क्या है ? [CO2] [R]

a) जानकी b) अंगूरी

c) रूपा d) तारा

4. महेंद्र भीष्म की रचना है ? [CO2] [R]

a) मेरे हिस्से की धूप b) किन्नर कथा

c) जिन्दगी 50 - 50 d) दरमियाना

5. कौन सा उपन्यास जीवनीपरक उपन्यास है ? [CO2] [R]

a) तीसरी ताली b) हॉफमैन

c) शिखंडी d) मैं पायल

6. बिन्नी का असली नाम है - [CO2] [R]

a) सूर्या b) मनीष

c) विनोद d) हरीश

7. गुलाम मंडी का प्रकाशन वर्ष ? [CO2] [R]

a) 2011 b) 2014

c) 2016 d) 2017

8. ट्रांसजेंडर के लिए प्रयोग किया जानेवाला शब्द है ? [CO1] [U]

a) उभयलिंगी b) गे

c) लेस्बियन d) दरमियाना

9. 'कोरोना' साहित्य की कौन सी विधा है ? [CO3] [R]

a) कहानी b) उपन्यास

c) कविता d) नाटक

10. "अरे हम हिजड़े हैं ,हिजड़े। ...... इंसान हैं क्या जो मुँह फेर लें " , किसने कहा ? [C04] [U]

a) अकरम b)नाजबीबी

c) मंजू d)चमेली

**[1x10 = 10]**

## Part B

**VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS**

**Answer any 10 questions**

**Each question carries 2 marks**

11. नाजबीबी कौन है ? [CO5] [U]

12. नीरजा माधव का जन्म कब और कहाँ हुआ ? [CO3] [R]

13. नीरजा माधव के दो कहानी - संग्रह के नाम लिखिए ? [CO3] [R]

14. महेंद्र भीष्म द्वारा ट्रांसजेंडर जीवन पर आधारित दो उपन्यासों के नाम लिखिए ? [CO2] [R]

15. मेहताब गुरु का परिचय दीजिए ? [CO5] [U]

16.'यमदीप' उपन्यास में छैलू की भूमिका ? [CO5] [U]

17. मानवी कौन है? [CO4] [U]

18. मेरे हिस्से की धूप किसकी रचना है ? उपन्यास के प्रमुख पात्र का नाम लिखिए ? [CO2] [R]

19. 'चिटके आकाश का सूरज' किसकी रचना है ? यह रचना साहित्य की कौन सी विधा है ? [CO3][R]

20. "अब कोई पूछनहार नहीं इसका तो क्या हम भी छोड़ जाएँगे " , किसने कहा ? उपन्यासकार कौन है ? [CO4] [U]

21. 'यमदीप' उपन्यास में बच्ची का नाम सोना क्यों रखा गया ? [CO4] [U]

22. 'किन्नर कथा' उपन्यास में आये दो जुड़वाँ बहनों के नाम लिखिए ? [CO2] [R]

23. 'मोनिका दास' का परिचय दीजिये ? [CO1] [U]

**[2x10 = 20]**

## Part C

**DESCRIPTIVE TYPE QUESTIONS & COMPREHENSION**

**Answer any 4 questions**

**Each question carries 5 marks**

**24. "एक नन्ही -सी सोना के लिए तुझे कितना - कुछ करना पड़ रहा है ।" [CO4] [R]**

**A) किसने कहा** ?

**B) किससे कहा ?**

**C) उपन्यास का नाम लिखिए ?**

**D) उपन्यासकार का नाम लिखिए ?**

**E) बच्ची का नाम क्या है ?**

**25. ट्रांसजेंडर जीवन में गुरु की क्या अहमियत होती है,यमदीप उपन्यास के आधार पर लिखिए ।[CO4][A]**

**26. 'यमदीप' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिये । [CO3] [A]**

**27.'यमदीप' उपन्यास लिखने की प्रेरणा लेखिका को कहाँ से मिली । [CO3] [U]**

**28. 'यमदीप' उपन्यास के शीर्षक की प्रतीकात्मकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिये । [CO3] [A]**

**29. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी का परिचय दीजिये । [CO1] [U]**

**30.** "अब कोई पूछनहार नहीं इसका तो क्या हम भी छोड़ जाएँगे " - सप्रसंग व्याख्या लिखिए **? [CO4] [U]**

**[5x4 = 20]**

**MGU-UGP (HONOURS) MODEL QUESTION PAPER**
**March 2025**
**SECOND SEMESTER EXAMINATION**
**AEC-COMMERCE-MG2AECHIN102**

**आधुनिक हिंदी गद्य और अनुवाद**

Modern Hindi Prose and Translation

Duration: 1 ½ Hrs. Maximum Marks: 50

Students should attempt at least one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability.

## Part A

Multiple Choice Questions. Answer **All** Questions.
Each question carries **1** mark

1. सुकेश साहनी का जन्म कब हुआ? CO1 [R]
   a. 5 सितंबर 1956 c. 7 जून 1976
   b. 15 सितंबर 1956 d. 7 जून 1976
2. विवेकी राय का जन्म किस जिले में हुआ? CO1 [R]
   a. आगरा c. चित्रकूट
   b. बरेली d. गाजीपुर
3. 'बूढा चाँद' किसकी कहानी संग्रह है? CO1 [R]
   a. शर्मिला बोहरा जालान c. विवेकी राय
   b. सुशीला टाकभौरे d. असगर वजाहत
4. गोडसे@गाँधी.काँम किसका नाटक है? CO1 [R]
   a. शर्मिला बोहरा जालान c. विवेकी राय
   b. सुशीला टाकभौरे d. असगर वजाहत
5. सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा है ------------। CO1 [R]
   a. शिकंजे का दर्द c. उन्नीसवीं बारिश
   b. सात आसमान d. मौन की आभा
6. सही शब्द कौन सा है ? CO5 [U]
   a. आतुनिक c. आतूनीक
   b. आधुनीक d. आधुनिक
7. 'किराया' शब्द का अर्थ क्या है? CO5 [R]
   a. Rent c. Cool
   b. Road d. Mall
8. 'अक्ल बड़ी या भैंस' किसकी बालकथा है? CO1[R]
   a. शर्मिला बोहरा जालान c. विवेकी राय
   b. सुशीला टाकभौरे d. सुकेश साहनी
9. 'मंगल भवन' किसका उपन्यास है? CO1 [R]
   a. शर्मिला बोहरा जालान c. विवेकी राय

b. सुशीला टाकभौरे d. सुकेश साहनी

10. 'Government' शब्द का हिंदी अनुवाद क्या है? CO5 [R]

a. संसद c. महल

b. राष्ट्र d. सरकार

11. 'वर्दी' शब्द का अंग्रेज़ी अनुवाद क्या है? CO5 [R]

a. Ratio c. सूची

b. Uniform d. Zone

12. 'Academy' शब्द का हिंदी में लिप्यंतरण है ----। CO5 [R]

a. अकाडमी c. अकादमी

b. येकदमी d. एकाडमी

13. 'योग' शब्द का हिंदी में लिप्यंतरण है ----। CO5 [R]

a. Yog c. yogam

b. Yoga d. Yoge

14. Employee शब्द का हिंदी अनुवाद है ------I CO5 [R]

a. कामचारी c. कर्मचारी

b. कर्मा d. कर्मचार

15. 'शीर्षक' शब्द का अंग्रेज़ी अनुवाद क्या है? CO5 [R]

a. Binding c. Heading

b. Name d. Category

16. विभूति नारायण राय ने अपने गाँव में क्या स्थापित किया था? CO4 [R]

a. स्कूल c. अस्पताल

b. पुस्तकालय d. सांस्कृतिक केंद्र

17. लेखक के अनुसार, मॉल में जाने से लोगों को क्या प्राप्त होता है? CO2 [R]

a. वास्तविक सुख b. भ्रमित सुख

c. सामाजिक संबंध c. आर्थिक सुरक्षा

18. पत्नी ने कुढ़कर किसकी नकल उतारी?CO3 [R]

a. सुशीला की c. पति की

b. माँ की d. शीला की

19. सुशीला टाकभौरे जी को किसका मकान किराये पर मिला ? CO3 [R]

a. शेरसिंह की c. महाराज की

b. महेंद्र कामरेड की d. मानेजर की

20. 'जुलूस रुका है' नामक पाठ की विधा क्या है? CO2 [R]

a. कविता c. कहानी

b. संस्मरण d. रिपोर्ताज

**20 x 1 = 20**

**Part B**

Very short answer type questions. Answer **any 5** questions.
Each question carries **2** marks

21. समाजवादी चिंतक किशन पटनायक के अनुसार मॉल में किस वर्ग के लोग ज्यादा जाते हैं? [U] CO1, CO2

22 सुशीला टाकभौरे के अनुसार, किसी की पहचान के लिए लोग सबसे पहले क्या पूछते हैं? [U] CO1, CO3

23 "पति और पत्नी को काफी देर तक नींद नहीं आई।" क्यों? CO1, CO3 [U]

24 विवेकी राय को प्राप्त किन्हीं दो पुरस्कारों के नाम लिखिए। CO1, CO2 [U]

25 यात्रा को सुखद बनाने केलिए किसने एक तरीका अपनाया? CO1, CO4 [U]

26 हिन्दी में अनुवाद कीजिए – CO5 [U]

a. Students come with book.
b. Birds can fly

27 अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए – CO5 [U]

a. अध्यापिका पढ़ाने लगी।
b. आपका दिन शुभ हो।

5 x 2 = 10

**Part C**

Descriptive type questions. Answer **any 4** questions.
Each question carries **5** marks

28 "मॉल में बाउंसर होते हैं, जिससे सुरक्षा बनी रहती है।" क्या आप इससे सहमत हैं? अपनी राय प्रकट कीजिए। CO1, CO2 [A]

29 लेखिका ने मकान किराये पर लेने के संबंध में अनेक शर्तों को सहज ही मान लिया था। क्यों? CO1, CO3 [U]

30 जोकहरा के संगोष्ठी के बारे में असगर वजाहत ने क्या कहा है? CO1, CO4 [U]

31 हिन्दी में अनुवाद कीजिए – CO5 [U]

We decorate our homes with colorful rangolis, marigold, garlands and many lights. On this day, we make delicious sweets, and other dishes. My parents always buy me new clothes to wear during the festival.

32. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए CO5[U]

हॉकी भारतवर्ष का राष्ट्रीय खेल है। इसके वर्तमान स्वरूप की शुरुआत 1860 में इंग्लैंड में हुई थी। रोलर हॉकी, मैदानी हॉकी, स्लेज हॉकी, आइस हॉकी हॉकी खेल के अन्य रूप हैं। स्लेज हॉकी विकलांगों द्वारा, आइस हॉकी बर्फ़ पर तथा रोलर हॉकी खिलाड़ी पहिये वाले जूते पहनकर खेलते हैं। मेजर ध्यानचंद, मनप्रीत सिंह, के. डी. सिंह बाबू, अजीत पाल सिंह, बलवीर सिंह तथा रूपसिंह भारत के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के रूप में जाने जाते हैं।

33. प्रस्तुत खंड पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। CO1, CO2 [U]

अब एक छोटा चित्र। आइए देखिए, यह रघुनाथपुर है। स्वतंत्रता का जुलूस रोकने वाला हिमालय नहीं बल्कि रास्ते का रोक है। मूर्खता छाती फुला-फुलाकर बोलती है। रास्ता बंद है! चार-पांच हाथ चौड़ा रास्ता, सार्वजनिक रास्ता, पुश्त-दर-पुश्त से चला आता रास्ता, मिट्टी फेंककर लंबे-लंबे कांठ के टुकड़े रखकर, बबूल की बड़ी बड़ी कटीली डालियाँ बिखेरकर, खूँटे गाड़-गाड़कर, गोबर आदि घिनौनी वस्तुओं से एकदम रोककर बंद कर दिया।

a. प्रस्तुत गदयांश किस पाठ से लिया गया है?
b. गदयांश का लेखक कौन है?
c. कहाँ का छोटा चित्र दिखा रहा है?
d. मूर्खता कैसे बोलती है?
e. किस पेड़ की कटीली डालियाँ बिखेरकर रास्ता बंद कर दिया गया है?

4 X 5 = 20

**MAHATMA GANDHI UNIVERSITY, KOTTAYAM**

**MGU-UGP (HONOURS) EXAMINATION-SECOND SEMESTER**

**(2024 ADMISSION ONWARDS)**

**MG2AECHIN101-Harmony of Festivals**

**(त्योहारों का ताल-मेल)**

Time: 1 ½ Hrs. Max. Marks: 50

Students should attempt at least one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability

## Part A

MULTIPLE CHOICE QUESTIONS

Answer all questions

Each question carries **1** marks

1.डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भारतीय संस्कृति को किससे उपमित किया है ? [U] (CO 4)

(a) भीमकाय पर्वत से, (b) सुंदर आसमान से, (c) प्रकाण्ड और प्रगाढ समुद्र से, (d) नदियों से

2.हमारी सारी संस्कृति का मूलाधार किस तत्व पर स्थापित है? [R] (CO 5)

a) मानवाधिकार (b) अहिंसा (c) हिंसा (d) इतिहास

3.अहिंसा का दूसरा नाम क्या है? [R] (CO 1)

a) त्याग (b) स्वार्थ (c) झूठ (d) सच

4.बुराई पर अच्छाई की जीत को सूचित करनेवाला त्योहार कौन सा है? [R] (CO 1)

(a) दीवाली (b) दुर्गा पूजा (c) पोंगल (d) होली

5.' दीपावली की रात ' किसकी कविता है? [R] (CO 1)

(a) ज्ञानेन्द्रपति (b) यशपाल (c) विश्वनाथ अय्यर (d) प्रेमचंद

6. ओणम किस असुरराज से संबंधित त्योहार है**?** [**R**]

(a) हिरण्यकशिपु (b) रावण (c) महिषास ( d) महाबलि

(CO 2)

7.यशपाल का जन्म कहाँ हुआ? [R]

(CO 3)

(a) पंजाब (b) दिल्ली (c) कोलकाता (d) केरल

8.यशपाल की कौनसी रचना को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला?[R]

(CO 3)

(a) दिव्या (b) मेरी तेरी उसकी बात (c) झूठा सच (d) देशद्रोही

9.बजरंगी भाईजान फिल्म में किसके माध्यम से भाईचारे और सद्भावना को चित्रित किया गया है?[R]

(a) ईद (b) ओणम (c) पोंगल (d) नवरात्री (CO 1)

10.बदरीनाथ की दुल्हनिया फिल्म की नायिका कौन है ? [R]CO 4

a) पूजा भट्ट b) काजोल c) आलिया भट्ट d) कृति सोनन

**(10 x 1 = 10 Marks)**

**Part B**

**VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS**

**Answer any 10 questions**

**Each question carries 2 marks**

11.हिमालय की पहाडियों की विशेषता क्या है? [U] (CO 1)

12.भारत के दक्षिण की ओर के मुख्य पर्वत कौन- कौन है?[U]

(CO 2)

13."कोस कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी" यह मशहूर कहावत किसकी ओर इशारा करता है? [U] (CO 5)

14.' दीपावली की रात ' कविता की शुरुआत किस घटना से होती है ? [U]

(CO 3)

15.कबूतर के अनुसार बड़े लोग बच्चों को क्या खिलौने देते हैं ? [U]

(CO 1)

16.त्योहारों का आध्यात्मिक महत्त्व क्या है ? [U] (CO 5)

17.प्रहलाद और होलिका की कथा का मुख्य संदेश क्या है ? [U] (CO 2)

18.होली और ओणम में मुख्य अंतर क्या है ? [U] (CO 2)

19.यशपाल के किसी दो उपन्यासों का नाम लिखिए ? [R]
(CO 3)

20.कन्हैयालाल कौन है ? [U] (CO 3)
21.बदरीनाथ की दुल्हनिया फिल्म का सन्देश क्या है ? [U] (CO 4)
22.गोलियों की रासलीला रामलीला फिल्म की कहानी कैसी है ? [U] (CO 5)
23.ये जवानी है दीवानी में होली को कैसे दिखाया है? [U]
(CO 3)

**(10 x 2 = 20 Marks)**

## Part C

DESCRIPTIVE TYPE QUESTIONS

Answer any **4** questions

Each question carries **5** marks

24.राष्ट्रीय त्योहार कौन -कौन से है ? [R] (CO 1)

25.' दीपावली की रात ' कविता में मनोरंजन के कारण पर्यावरण और मानव स्वभाव में होनेवाले नुक्सान कैसे चित्रित किए गए हैं ? [U]
(CO 2)

26.कन्हैयालाल का चरित्र -चित्रण । [U] (CO 3)

27.पितृसत्तात्मक व्यवस्था पर तीखा प्रहार करने वाली कहानी है करवा का व्रत स्पष्ट कीजिए ।
[A](CO 3)

28.बदरीनाथ की दुल्हनिया फिल्म की कहानी संक्षेप में लिखिए ।[U]
(CO 4)

29.ये जवानी है दीवानी फिल्म मात्र मनोरंजन ही नहीं बल्कि भारतीय युवाओं के जीवन और सोच को समझने का एक माध्यम भी है – समीक्षा कीजिए। [A]

(CO 5)

30.उत्तर लिखिए -

'कहानी' और 'देवदास' में दुर्गा पूजा के भावपूर्ण और भव्य दृश्य भारतीय परंपराओं की सुंदरता को उजागर करते हैं। 'धुनुची डांस' (देवदास) दुर्गा पूजा के दौरान बंगाली परंपरा को दर्शाने वाला एक भावपूर्ण गाना है। 'ढोली तारो ढोल बाजे' (हम दिल दे चुके सनम) गाना गरबा और डांडिया की ऊर्जा और रंगों को खूबसूरती से पेश करता है। 'नगाड़ा संग ढोल' (गोलियों की रासलीलाः राम-लीला) में नवरात्रि के जोश और परंपरा का शानदार चित्रण दिखता है। [R] (CO 1, CO 5, CO 3, CO 2)

1.हम दिल दे चुके सनम फिल्म का गाना कौन सा है ?

2.कहानी और देवदास फिल्मों में दुर्गा पूजा का चित्रण किस प्रकार किया गया है?

3.धुनुची डांस किस फिल्म से संबंधित है और यह किस परंपरा को दर्शाता है?

4.'ढोली तारो ढोल बाजे' गाने में कौन से पारंपरिक नृत्य दिखाए गए हैं?

5.'नगाड़ा संग ढोल' गाने में किस भारतीय त्योहार का शानदार चित्रण हुआ है?

**(4 x 5 = 20 Marks)**

**Model Question Paper**

**Second Semester (MGU UGP) Honours Examination**

**MG2DSCLGS100**

# ध्वनिविज्ञान एवं रूपविज्ञान-एक परिचय

**(Introduction to Phonetics and Morphology)**

**Time:2hrs** **Max. Mark:70**

## Part A

## MULTIPLE CHOICE QUESTIONS

**Answer all questions**

**Each question carries 1 marks**

1. ध्वनिविज्ञान में ------- का अध्ययन किया जाता है? [U] [CO2]
   (a) पद (b) वाक्य
   (c) रूप (d) ध्वनि
2. चल अवयव का एक उदाहरण है ---------- [U] [CO1]
   (a) जीभ (b) दाँत
   (c) तालु (d) अलिजिह्व
3. किस प्रकार के ध्वनियों का उच्चारण स्वतंत्रता पूर्वक होता है?।[U] [CO3]
   (a) स्वर (b) व्यंजन
   (b) संयुक्त व्यंजन (d) ऊष्म व्यंजन
4. हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर है? [K] [CO1]
   (a) 11 (b) 13
   (c) 10 (d) 8
5. निम्न में से मूल स्वर चुनकर लिखिए [U][CO3]
   (a) ई (b) आ

(c) उ (d) ऊ

6. निम्न में से पश्च स्वर का उदहरण चुनकर लिखिए। [U] [CO3]

(a) ऊ (b) अ

(c) इ (d) ए

7. निम्न में से विवृत स्वर कौन-सा है? [U] [CO3]

(a) आ (b) ई

(c) ऊ (d) ऐ

8. एक या एक से अधिक अक्षरों के सार्थक योग को क्या कहते है?[U] [CO3]

(a) पद (b) ध्वनि

(c) वाक्य (d) अक्षर

9. किस प्रकार के स्वरों के उच्चारण में जीभ का मध्य भाग ऊपर उठता है?[U] [CO3]

(a) मध्यस्वर (b) अग्रस्वर

(c) पश्च स्वर (d) विवृत स्वर

10. किस स्वर के उच्चारण में मुख विवर अत्यंत संकरा हो जाता है? [U] [CO3]

(a) आ (b) ऐ

(c) इ (d) ओ

11. शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होते है तो उसे -------- कहते है? [U] [CO1]

(a) ध्वनि (b) वर्ण

(c) उपवाक्य (d) पद

12. अर्थतत्व का उदाहरण क्या है? [U] [CO2]

(a) राजा (b) ने

(c) से (d) को

13. निम्न में से संबंधतत्व कौन-सा है? [U] [CO2]

(a) राम (b) से

(c)पानी (d) पीता

14. भिन्न-भिन्न स्वरों के मेल से जो स्वर बनता है उसे ------ कहते है? [U] [CO3]

(a) मूल स्वर (b) दीर्घ स्वर

(c) संयुक्त स्वर (d) प्लुत स्वर

15. जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा से भी अधिक समय लगता है, उन्हें ----- कहते है? [U] [CO3]

(a) प्लुत स्वर (b) दीर्घ स्वर

(c) मूल स्वर (d) ह्रस्व स्वर

16. भाषा में अर्थतत्व का उदाहरण है --------- । [U] [CO2]

(a) पद (b) काल

(c) लिंग (d) पुरुष

17. हिन्दी भाषा में कितने लिंग है? [K] [CO4]

(a) 2 (b) 4

(c) 3 (d) 1

18. हिन्दी भाषा में कितने पुरुष होते है? [K] [CO4]

(a) 3 (b) 2

(c) 5 (d) 1

19. उत्तम पुरुष सर्वनाम कौन-सा है? [U] [CO5]

(a) तू (b) मैं

(c) वह (d) ये

20. 'गया' पद कौन-सा काल है? [A] [CO5]

(a) सामान्य भूतकाल (b) तात्कालिक वर्तमानकाल

(c) पूर्ण भूतकाल (d) सामान्य भविष्यत काल

21. 'किताब' शब्द कौन-सा लिंग है? [A] [CO4]

(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग

(c) नपुंसक लिंग (d) उभयलिंग

22. वह कुर्सी पर बैठा है। - इस वाक्य में 'कुर्सी पर' किस कारक का उदाहरण है? [A] [CO5]

(a) कर्ता (b) करण

(c) अधिकरण (d) संबंध

23. उसने चाकू -------- फल काटा। [A] [CO5]

(a) को (b) से

(c) पर (d) में

24. हिन्दी में कितने वचन है? [U] [CO4]

(a) 3 (b) 4

(c) 2 (d) 1

25. व्यक्तिवाचक संज्ञा का एक उदाहरण है ------ ?[A] [CO5]

(a) दुख (b) मानव

(c) नदी (d) हिमालय

26. 'तिथि' शब्द का बहुवचन रूप कौन-सा है? [A][CO5]

(a) तिथियों (b) तिथि

(c) तिथिए (d) तिथियाँ

27. 'भाई' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है? [A][CO5]

(a) लड़की (b) बहिन

(c) भाभी (d) औरत

28. नदी ------- जल मीठा है। [A][CO5]

(a) का (b) की

(c) के (d) से

29. संज्ञा के बदले प्रयुक्त शब्द को -------- कहते हैं? [U][CO3]

(a) विशेषण (b) क्रिया

(c) सर्वनाम (d) क्रियाविशेषण

30. 'आना' क्रिया का भूतकालिक रूप क्या है? [A][CO5]

(a) गया (b) आया

(c) आएगा (d) आता [30x1=30]

## Part B

VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Answer any **10** questions

Each question carries **2** marks

31. ध्वनि क्या है? ध्वनियों के कितने भेद है । [U] [CO2,3]]
32. स्वर की परिभाषा लिखिए। [U] [CO1,2]
33. उच्चारण अवयव से क्या तात्पर्य है? [U] [CO2]
34. संयुक्त स्वर क्या है? उदाहरण लिखिए। [U] [CO3,4]
35. अल्पप्राण ध्वनियाँ किसे कहते हैं ? [U] [CO3,4]
36. विवृत स्वर क्या है? [U] [CO3,4]
37. पद क्या है? [U] [CO3]
38. शब्द की परिभाषा लिखिए। [U][CO3]
39. संबंधतत्व का परिचय दीजिए। [U][CO2]
40. वचन का परिचय दीजिए। [U[CO4]
41. वर्तमानकाल के कितने भेद हैं ? उदाहरण लिखिए। [A][CO3]

42. संबन्ध कारक का उदाहरण लिखिए। [U][CO5] [10X2=20]

## Part C

SHORT ANSWER QUESTIONS

Answer any **4** questions

Each question carries **5** marks

43. उच्चारण अवयवों का संक्षिप्त परिचय दीजिए। [U] [CO1,2]

44. प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के वर्गीकरण को उदाहरण सहित समझाइए । [An] [CO3,CO4]

45. जीभ के भाग के आधार पर स्वरों के भेदों का परिचय दीजिए। [An][CO3,CO4]

46. शब्द की परिभाषा लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। [U][CO3]

47. संबंधतत्व के कार्य पर टिप्पणी लिखिए । [An] [CO4]

48. काल के भेदों को उदाहरण सहित व्यक्त कीजिए। [A] [CO5] [4x5=20]

**MGU UGP HONOURS EXAMINATION**

**MAJOR - MG2DSCHIN100**

**SECOND SEMESTER**

**MODEL QUESTION PAPER (HINDI)**

**TIME:2 HOURS** **MARKS : 70**

**Students should attempt at least one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability**

## Part - A

## MULTIPLE CHOICE QUESTIONS

**Answer all questions**

**Each question carries 1 marks**

1 समाचार-पत्र विज्ञापन के प्रचार का प्रमुख माध्यम क्या होता है? (U-CO1)

a) ऑडियो b) प्रिंट (मुद्रित)

c) वीडियो d) लाइव प्रसारण

2 कहानी लेखन किस प्रकार की कला है? (U-CO2)

a) वाद्य कला b) सृजनात्मक कला

c) चित्रकला d) अभिनय कला

3 पटकथा लेखन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य क्या होता है? (U-CO4)

a) कहानी को लिखना b) कहानी को दृश्य रूप में प्रस्तुत करना

c) केवल संवाद तैयार करना d) नृत्य तैयार करना

4 डॉक्यूमेंट्री निर्माण की पहली प्रक्रिया क्या होती है? (U-CO4)

a) एडिटिंग b) विषय चयन

c) स्क्रिप्ट लेखन d) साक्षात्कार

5 समीक्षा शब्द किस भाषा से लिया गया है? (K-CO1)

a) संस्कृत b) हिंदी

c) अरबी d) फारसी

6 'रिपोर्टिंग' का हिंदी पर्यायवाची शब्द क्या है? (K-CO2)

a) संपादन b) प्रतिवेदन

c) व्याख्यान d) अनुच्छेद

7 विस्तृत लेखन में 'सृजनात्मकता' का क्या महत्व है? (U-CO1)

a) यह लेखन को केवल आकर्षक बनाती है

b) यह मौलिक विचारों और रचनात्मकता को उजागर करती है

c) केवल कहानी का भाव दिखाती है

d) लेखन को संक्षेप में प्रस्तुत करती है

8 कैप्शन लेखन का मुख्य उद्देश्य क्या है? (U-CO3)

a) मनोरंजन करना b) चित्र के उद्देश्य को स्पष्ट करना

c) कहानी सुनाना d) कविता लिखना

9 डिजिटल निमंत्रण किस प्रकार की बचत में सहायक है? (U-CO3)

a) समय और पैसे की b) केवल पैसे की

c) केवल समय की d) किसी भी प्रकार की नहीं

10 हिन्दी सॉफ्टवेयर का एक लाभ क्या है? (U-CO2)

a) पर्यावरण को नुकसान b) हिन्दी भाषा का डिजिटलीकरण

c) अंग्रेजी को बढ़ावा d) केवल मनोरंजन

**(10x1=10)**

**Part - B**
**VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS**
**Answer any 10 questions**
**Each question carries 2 marks**

11 समाचार-पत्र विज्ञापन के कौन-कौन से प्रमुख तत्व होते हैं? (U-CO1)

12 संक्षेपण की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं? (U-CO2)

13 विस्तृत लेखन का क्या महत्व है? (U-CO4)

14 कहानी लेखन बच्चों की किन क्षमताओं को बढ़ाता है? (A-CO2)

15 रेडियो पटकथा में ध्वनि प्रभाव क्यों जरूरी है ? (A-CO4)

16 डॉक्यूमेंट्री और फीचर फिल्म में एक अंतर लिखिए। (U-CO2)

17 कैप्शन लेखन में हैशटैग का उपयोग क्यों किया जाता है? (A-CO3)

18 आत्मकथा और संस्मरण - लेखन में क्या अंतर है? (U-CO1)

19 हिन्दी सॉफ्टवेयर शिक्षा में किस प्रकार उपयोगी होते हैं? (A-CO3)

20 अनौपचारिक पत्र में आत्मीयता क्यों आवश्यक होती है? (A-CO3)

21 रिपोर्टिंग का क्या अर्थ है? (U-CO1)

22 ऑनलाइन लेखन प्लेटफॉर्म क्या होते हैं? (U-CO2)

**(10X2=20)**

## Part - C

## SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

**Answer any 4 questions**

**Each question carries 5 marks**

23 डॉक्यूमेंट्री के प्रकारों का वर्णन कीजिए। (A-CO2, CO4)

24 कैप्शन लेखन में स्पष्टता और संक्षिप्तता क्यों जरूरी है? (A-CO2,CO3)

25 स्तम्भ-लेखन की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? (A-CO1, CO3)

26 फील्ड रिपोर्टिंग का क्या महत्व है? (A-CO1,CO4)

27 शिकायती पत्र की विशेषताएँ क्या हैं? (A-CO1,CO3)

28 आत्मकथा-लेखन क्या है? (A-CO1,CO2)

**(4X5=20)**

**Part - D**

**APPLIED WRITING SKILLS**

**Answer any 2 questions**

**Each question carries 10 marks**

29 नगर में फैले डेंगू बुखार के संक्रमण की रोकथाम हेतु उचित व्यवस्था करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखिए। (A-CO1,CO3)

30 कल आपने एक सड़क दुर्घटना देखी, जिसने आपको गहरा प्रभावित किया। उस अनुभव को अपनी डायरी में विस्तार से लिखिए। (A-CO2CO4)

31 नए मोबाइल फोन की बिक्री हेतु एक आकर्षक समाचार पत्र विज्ञापन तैयार कीजिए। (A-CO1,CO2)

32 अपने पहले यात्रा अनुभव का संस्मरण लिखिए। (ACO1,CO4)

(2X10=20)

**BA DEGREE (MGU UGP HONOURS) MODEL EXAMINATION**

**SECOND SEMESTER**

**MG2DSCFHI100- प्रयोजनमूलक हिन्दी FUNCTIONAL HINDI**

**Time:2Hrs** **Max Marks: 70**

## Part A

**MULTIPLE CHOICE QUESTIONS**

**Answer all questions**

**Each question carries 1 marks**

1. प्रयोजनमूलक हिंदी का मुख्य उद्देश्य क्या है? (U) [C01]

a) साहित्यिक अभिव्यक्ति b) संचार और व्यावहारिक उपयोग c) काव्य लेखन d) मनोरंजन

2. प्रयोजनमूलक हिंदी का संबंध मुख्यतः किससे है? (U) [CO2]

a) व्याकरण से b) साहित्यिक आलोचना से c) व्यवहारिक संचार से d) अनुवाद से

3. हिंदी में प्रयोजनमूलक शब्द का अर्थ क्या है ? (U) [CO1]

a) साहित्यिक b) व्यावहारिक उपयोग के लिए c) ऐतिहासिक d) व्याकरणिक

4. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोजनमूलक हिंदी का अंग नहीं है? (U) [CO3]

a) पत्रकारिता b) प्रशासनिक भाषा c) मानव भाषा d) तकनीकी लेखन

5. संविधान में हिंदी को किस रूप में मान्यता प्राप्त है ? (U) [CO4]

a) राष्ट्रभाषा b) राजभाषा c) मातृभाषा d) संपर्क भाषा

6. प्रयोजनमूलक हिंदी का प्रयोग सबसे अधिक कहाँ किया जाता है? (U) [CO3]

a) व्यक्तिगत पत्राचार में b) सरकारी कार्यालयों में c) विद्यालयों में d) साहित्यिक लेखन में

7. प्रशासनिक हिंदी किस क्षेत्र से संबंधित है? (U) [CO5]

a) राजनीति शास्त्र b) सरकारी कामकाज c) काव्य शास्त्र d) दर्शन शास्त्र

8. कार्यालयी हिंदी में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया जाता है? (U) [CO3]

a) साहित्यिक और काव्यात्मक b) सरल और व्यावहारिक c) कठिन और दार्शनिक d) अंग्रेज़ी मिश्रित हिंदी

9. तकनीकी हिंदी का प्रयोग मुख्यतः किस क्षेत्र में किया जाता है ? (U) [CO5]

a) साहित्यिक लेखन b) विज्ञान और तकनीक c) प्रशासनिक कार्य d) अनौपचारिक पत्राचार

10. सरकारी कार्यालयों में प्रयुक्त हिंदी को क्या कहा जाता है? (U) [CO3]

a) साहित्यिक हिंदी b) तकनीकी हिंदी c) प्रशासनिक हिंदी d) व्याकरणिक हिंदी

11. विज्ञापन लेखन प्रयोजनमूलक हिंदी का कौन-सा रूप है? (U) [CO5]

a) तकनीकी हिंदी b) व्यावसायिक हिंदी c) कार्यालयी हिंदी d) अनुवादी हिंदी

12. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोजनमूलक हिंदी का क्षेत्र नहीं है? (U) [CO2]

a) अनुवाद b) पत्रकारिता c) नाटक लेखन d) प्रशासनिक कार्य

13. प्रयोजनमूलक हिंदी में शैलियों का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है? (U) [CO5]

a) भाषा की कठिनता के आधार पर b) प्रयोग और प्रयोजन के आधार पर c) साहित्यिक सौंदर्य के आधार पर d) लेखक की रुचि के आधार पर

14. प्रयोजनमूलक हिंदी की प्रमुख शैली कौन-सी नहीं है? (U) [CO5]

a) कार्यालयी शैली b) वैज्ञानिक शैली c) नाटक शैली d) पत्रकारिता शैली

15. कार्यालयी हिंदी में किस प्रकार की शैली का प्रयोग किया जाता है? (U) [CO5]

a) अनौपचारिक शैली b) साहित्यिक शैली c) आधिकारिक एवं व्यावहारिक शैली d) काव्यात्मक शैली

16. पत्रकारिता शैली में भाषा की विशेषता क्या होती है ? (U) [CO2]

a) जटिल और कठिन b) सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली c) साहित्यिक d) व्याकरणिक

17. कानूनी हिंदी की शैली में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया जाता है? (U) [CO3]

a) सरल और बोलचाल की भाषा b) जटिल, सटीक और तकनीकी भाषा c) साहित्यिक और काव्यात्मक

d) मुहावरों से भरपूर

18. तकनीकी लेखन में प्रयुक्त हिंदी शैली का प्रमुख गुण क्या है ? (U) [CO2]

a) कल्पनाशीलता b) तथ्यपरक c) भावनात्मक d) साहित्यिक

19. विज्ञापन लेखन की शैली कैसी होती है ? (U) [CO3]

a) आकर्षक, सरल और प्रभावशाली b) कठिन और तकनीकी c) साहित्यिक और गंभीर d) प्रशासनिक

20. कार्यालयी हिंदी में प्रयुक्त पत्र लेखन की शैली कैसी होती है? (U) [CO5]

a) साहित्यिक और भावनात्मक b) संक्षिप्त, स्पष्ट और औपचारिक c) कठिन और अलंकारिक d) सामाजिक और सरल

21. तकनीकी हिंदी में किस प्रकार की शैली का प्रयोग किया जाता है? (U) [CO2]

a) साहित्यिक और कल्पनाशील b) तथ्यात्मक और वैज्ञानिक c) भावनात्मक और काव्यात्मक d) प्रशासनिक और स्पष्ट

22. सारांश लेखन में प्रयुक्त शैली कैसी होती है? (U) [CO5]

a) संक्षिप्त और स्पष्ट b) विस्तार से विवरण देने वाली c) भावनात्मक d) साहित्यिक

23. जनसंचार की हिंदी की शैली का उद्देश्य क्या होता है? (U) [CO3]

a) आम जनता तक सूचना पहुँचाना b) साहित्य को बढ़ावा देना c) कानूनी भाषा विकसित करना d) व्यक्तिगत उपयोग

24. परिभाषिक शब्दावली का मुख्य उद्देश्य क्या है? (U) [CO5]

a) भाषा को कठिन बनाना b) विभिन्न क्षेत्रों के तकनीकी शब्दों का मानकीकरण c) साहित्यिक भाषा का विकास d) प्रशासनिक कार्यों में प्रयोग

25. परिभाषिक शब्दावली क्या है? (K) [CO5]

a) रोजमर्रा की भाषा के शब्द b) विशेष क्षेत्र में प्रयुक्त विशिष्ट शब्द c) हिंदी व्याकरण के नियम d) साहित्यिक शब्द

26. तकनीकी शब्दावली का विकास मुख्यतः किस उद्देश्य से किया जाता है? (U) [CO3]

a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए b) साहित्यिक लेखन के लिए c) भाषाओं को मिश्रित करने के लिए d) मनोरंजन के लिए

27. प्रशासनिक हिंदी में 'Ministry' का परिभाषिक शब्द क्या है? (K) [CO2]

a) विद्यालय b) प्रशासनालय c) कार्यलय d) मंत्रालय

28. सूचना और प्रसारण मंत्रालय के लिए प्रयुक्त परिभाषिक शब्द क्या है? (K) [CO1]
    a) Finance Ministry b) Railway Ministry c) Defence Ministry d) Information and Broadcasting Ministry

29. Clerk केलिए प्रयुक्त परिभाषिक शब्द क्या है? (K) [CO1]
    a) अधीक्षक b) लिपिक c) संयोजक. d) प्रबंधक

30. Additional Secretary केलिए प्रयुक्त परिभाषिक शब्द क्या है? (K) [CO5]

अवर सचिव b) अतिरिक्त सचिव c) संयुक्त सचिव d) सचिव **(30X1=30)**

## Part B

## VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

**Answer any 5 questions**

**Each question carries 2 marks**

31. प्रयोजनमूलक हिंदी की एक परिभाषा लिखिए। (K) [CO1]
32. पारिभाषिक शब्दावली एकार्थी होती है । क्यों? (An) [CO2]
33. सामाजिक हिंदी क्या है ? उदाहरण सहित समझाइए। (U) [CO3]
34. विधि की हिंदी अत्यंत दुरूह है । क्यों ? (An) [CO5]
35. विचारात्मक शैली क्या है ? एक उदाहरण लिखिए। (U) [CO2]
36. संवाद शैली पर प्रकाश डालिए। (U) [CO3]
37. प्रयोजनमूलक हिंदी के कितने रूप है? कौन-कौन से हैं? (U) [CO4]

**(5x2=10)**

**Part C**

SHORT ANSWER QUESTIONS

Answer any **6** questions

Each question carries **5** marks

38. प्रयोजनमूलक हिंदी का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके रूपों का विश्लेषण कीजिए। (U) [CO1]
39. सामान्य हिंदी और प्रयोजनमूलक हिंदी के अंतर को स्पष्ट कीजिए। ( An) [CO2]
40. प्रयोजनमूलक हिंदी की शैलियों का विश्लेषण कीजिए। ( An) [CO3]
41. पारिभाषिक शब्दावली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।( An) [CO5]
42. पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता पर टिप्पणी लिखिए। (U) [CO5]
43. कार्यालय हिंदी की विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। ( An) [C04]
44. जनसंचार माध्यमों की हिंदी प्रभावात्मक होनी चाहिए। क्यों ? (An) [CO2]
45. पारिभाषिक शब्द क्या है ? (K) [CO3] **(6X 5= 30)**

MGU UGP HONOURS EXAMINATION

MDC- Hindi Bio Pics -MG2MDCHIN100

Second Semester

Model Question Paper

Time: 1.5 hrs Marks:50

Students should attempt at least one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability.

PART A

MULTIPLE CHOICE QUESTIONS
Answer all questions

Each question carries 1 marks

**1.** भारतीय सिनेमा के जनक कौन हैं ? **[R]** (CO1)

a) सत्यजित राय b) दादा साहब फाल्के

c) अरविंदन d) जॉन अब्राहम

**2**. ' सत्यवान सावित्री ' किस प्रकार की फ़िल्म है ?[R] (CO2)

a)पौराणिक एवं धार्मिक b)धार्मिक एवं राजनैतिक

c)सामाजिक एवं पारिवारिक d) ऐतिहासिक एवं सामाजिक

**3**. बायोपिक को हिन्दी में क्या कहते हैं ? [R] (CO3)

a) सामाजिक सिनेमा b) राजनीतिक सिनेमा

c) जीवनीपरक सिनेमा d) धार्मिक सिनेमा

4. 1913 से 1930 तक के सभी फ़िल्म किस श्रेणी में आते हैं ? [R] (CO2)

a) मूक सिनेमा b) बोलती सिनेमा

c) कलर फ़िल्म d) बायो पिक्स

**5**. सिनेमा का पर्यायवाची शब्द क्या है ? **[R]** (CO2)

a) रेखाचित्र b) चल-चित्र

c) संस्मरण d) रिपोर्ताज

**6.** किस अभिनेत्री ने ' मैरी कॉम ' की भूमिका निभाई थी ?[R] (CO4)

a) दीपिका पादुकोन b) आलिया भट्ट

c) प्रियंका चोपड़ा d) कियारा अडवानी

**7.** जीवनीपरक सिनेमा के प्रमुख प्लॉट नायक या नायिका के किन-किन **आधारों** से जुड़ी **हुई हैं** ?[R] (CO5)

a) पारिवारिक जीवन b) सामाजिक जीवन

c) कर्मक्षेत्र d) उपरोक्त सभी

**8.** पाँच बार वर्ल्ड चैंपियन बनी भारतीय नारी पर आधारित सिनेमा कौन सी है ? [R] (CO4)

a) मांझी द माउंटेन मैन b) मैरी कॉम

c) गुंजन सक्सेना द कारगिल गर्ल d) सुपर 30

**9.** बायोपिक शब्द की उत्पत्ति किन -किन शब्दों के मेल से हुई है ? [R] (CO3)

a) बायोग्राफी और पिक्चर b) बायो और पिक्चर

c) बायो और पिक्स d) बायो और पिक्चर्स

**10.** जीवनीपरक सिनेमा **के** निर्माण में सबसे अधिक ध्यान किस तत्व पर दे**ना** है ? [R] (CO5)

a) संगीत b) नृत्य

c) संवाद d) लेखन प्रक्रिया

**11.** खिलाड़ियों पर आधारित प्रमुख हिदी सिनेमा कौन सी है ? [R] (CO3)

a) एम.एस.धोनी द अनटोल्ड स्टोरी b) गुंजन सक्सेना द कारगिल गर्ल

c) मांझी द माउंटेन मैन d) सुपर 30

**12.** सिनेमा शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से मानी जाती है ? [R] (CO1)

a) जापानी b) फ्रांसीसी

c) जर्मन d) अंग्रेज़ी

**13.** सुनील दत्त की ' यादें ' फ़िल्म की विशेषता क्या है ? [R] (CO2)

a) गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड b ) प्रथम बॉलीवुड सिनेमा

c) सत्यजीत राय की पहली फ़िल्म d) मृणाल सेन की सिनेमा

**14.** भारत में सिनेमा पहुँचाने का श्रेय किनको जाता है ? [R] (CO1)

a) दादा साहब फाल्के b) लुमियर बंधुओं

c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र d) मोहन भवनानी

**15.** ' सुपर 30 ' **के** रचयिता कौन है ? [R] (CO4)

a) राजीव दत्ता b) संजय लीला बंसाली

c) महेश भट्ट d) मुकेश खन्ना

**16.** श्री अर्दे शर ईरानी की सिनेमा कौन सी है ? [R] (CO1)

a) राजा हरिश्चंद्र b) भस्मासुर मोहिनी

c) आलम आरा d) लंका दहन

**17.** ' मांझी द माउंटेन मैन ' किस व्यक्ति पर आधारित बायो पिक है ?[R] (CO4)

a) दशरथ मांझी b) अमरीश मांझी

c) कुमार मांझी d) सतीश मांझी

**18.** ओमप्रकाश मेहरा द्वारा निर्देशित फ़िल्म कौन सी है ?[R] (CO3)

a) सुपर 30 b) भाग मिल्खा भाग

c) नीरजा d) नो वन किल्ड जेसिका

**19.** प्रामाणिकता को स्थापित करने के लिए बायो पिक के अंत में क्या रख सकते हैं ? [R] (CO5)

a) वास्तविक व्यक्ति का तस्वीर b) अभिनेता का तस्वीर

c) अभिनेत्री का तस्वीर d) निर्देशक का तस्वीर

**20.**कहानी के विभिन्न प्रकार की घटनाओं की पहचान को फ़िल्मी भाषा में क्या कहते हैं ? [R] (CO5)

a) प्लॉट b) स्लॉट

c) शैली d) साक्षात्कार [1×20=20]

PART B

VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Answer any 15 questions

Each question carries 2 marks

**21.** सिनेमा क्या है ? इसके पर्यायवाची शब्द लिखिए।[U] (CO1)

**22**. सिनेमा और नाटक में क्या-क्या समानताएँ हैं ? [U] (CO2)

**23.** बायोपिक्स शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई ?[U] (CO3)

**24.** 1930 के आसपास की हिन्दी फिल्मों की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?[U] (CO1)

**25.** जीवनीपरक सिनेमा और ऐतिहासिक सिनेमा में क्या अंतर है ?[U] (CO2)

**26.** हिन्दी सिनेमा के इतिहास पर लघु टिप्पणी लिखिए। [U] (CO2)

**27.** खिलाड़ियों के जीवन पर आधारित सिनेमा के उदाहरण लिखिए।[U] (CO3)

**28.** मेरी कॉम मूवी की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?[U] (CO4)

**29.** जीवनीपरक सिनेमा लेखन के दो भाग हैं। व्यक्त कीजिए।[U] (CO5)

**30.** हिन्दी सिनेमाओं के अंग्रज़ी संस्करण के उदाहरण लिखिए।[U] (CO3)

**31.** हिन्दी सिनेमा के इतिहास में 1920 दशक की विशेषता क्या है ?[U] (CO1)

**32.** हिन्दी सिनेमा में स्त्री केन्द्रित सिनेमा भी हैं। उदाहरण सहित व्यक्त कीजिए। [U] (CO4)

**33**. जीवनीपरक सिनेमा लेखन में साक्षात्कार की एहमियत है। क्यों ? [U] (CO5)

**34**. भारतीय सिनेमा के इतिहास में सन् 1960 की क्या एहमियत है ? [U] (CO2)

**35.** ' मांझी द माउंटेन मैन ' पर लघु टिप्पणी लिखिए। [U] (CO4)

**36.** सुपर 30 फ़िल्म की जीवनीपरक विशेषताएँ लिखिए। [U] (CO4)

**37.** जीवनीपरक सिनेमा लेखन में लेखक के लिए क्या जानना बहुत ज़रूरी होता है ? [U] (CO5)

[2×15=30]

MGU UGP HONOURS EXAMINATION

MDC- Global Hindi -MG2MDCHIN101

Second Semester

Model Question Paper

Time: 1.5 hrs Marks:50

Students should attempt at least one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability.

PART A

MULTIPLE CHOICE QUESTIONS
Answer all questions

Each question carries 1 marks

**1.** भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में इनमें से कौन सी भाषा **ने** महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है **? [R]**(CO1)

a) मारवाड़ी b) पंजाबी

c) हिंदी d) गुजराती

**2**. शिक्षा मंत्रालय के हिन्दी न जानने वाले कर्मचारियों के लिए आयोजित हिन्दी भाषा सीखने का कार्य सर्वप्रथम किसने किया ?[R] (CO3)

a) राज्य सरकार b) संसद

c) विश्वविद्यालय d) केंद्र सरकार

**3**. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद इनमें कौन सा है ?[R] (CO1)

a)UGC b) NCERT

c) NEP d) CAS

**4.** राजभाषा विभाग किस मंत्रालय के अधीन है ?[R] (CO3)

a) रक्षा मंत्रालय b) गृह मंत्रालय

c) विदेश मंत्रालय d) वाणिज्य मंत्रालय

**5**. हिन्दी को भारत की राजभाषा **का** दर्जा कब **मिला** ?[R] (CO2)

a) 14 सितंबर b) 17 मार्च

c) 26 जनवरी d) 19 अप्रैल

**6.** भारत का संविधान कब लागू हुआ है ?[R] (CO2)

a) 15 जनवरी b) 17 मार्च

c) 26 जनवरी d) 19 अप्रैल

**7.** सरकारी कामकाज में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए विभिन्न मंत्रालयों द्वारा लागू किये जा रहे कार्यक्रमों का संचालन करने वाली समिति कौन सी है ? [R] (CO3)

a) राष्ट्रीय साहित्य समिति b) केंद्रीय हिंदी समिति

c) केंद्रीय साहित्य समिति d) राज्य सरकार

**8.** राजभाषा के क्षेत्र में सर्वोच्च अधिकार प्राप्त समिति कौन सी है ? [R] (CO4)

a) भारतीय भाषा समिति b) राजभाषा समिति

c) संसदीय राजभाषा समिति d) राष्ट्रभाषा समिति

**9.** सरकारी कर्मचारियों को हिन्दी भाषा सीखने और दक्ष बनाने के लिए किसकी ज़रुरत होती है ? [R](CO4)

a) हिन्दी अधिकारी b) अनुवादक

c) हिन्दी आशुलिपिक d) हिंदी प्रशिक्षक

**10.** सरकारी कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेशन के लिए किसकी ज़रूरत होती है ?[R] (CO4)

a) लिपिक b) हिन्दी संपादक

c) हिन्दी कंप्यूटर ऑपरेटर d) हिन्दी प्रकाशक

**11.** मॉरीशस में हिन्दी पत्रकारिता की शरुआत कौन सी पत्रिका द्वारा हुई है ? [R] (CO3)

a) भारत मित्र b) हिन्दुस्तानी पत्र

c) हिंदी पत्रिका d) नवभारत टाइम्स

**12.** केरल हिन्दी विद्यापीठ कहाँ है ? [R] (CO2)

a) त्रिचूर b) कोट्टयम

c) कोल्लम d) तिरुवनंतपुरम

**13.** किसी उत्पाद या सेवा का राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञापन देने वाले का नाम क्या है ?[U] (CO3)

a) राष्ट्रीय विज्ञापन b) औद्योगिक विज्ञापन

c) सूचना विज्ञापन d) स्थानीय विज्ञापन

**14.** विज्ञापन की उत्पत्ति किस शब्द से हुई है ? [R] (CO3)

a)Advertere b) Add

c) Advertise d) Blog

**15.** विज्ञापन का भुगतान कौन करता है ? [R] (CO2)

a) लेखक b) विज्ञापनकर्ता

c) सम्पादक d) लिपिक

**16.** नोटिंग का हिन्दी पर्याय शब्द क्या है ? [R] (CO1)

a) टिप्पण b) विज्ञापन

c) संक्षेपण d) विज्ञप्ति

**17.** टेलीविज़न शो ,रेडियो नाटक और वेब सीरीज़ के लिए स्क्रिप्ट लिखना किसका दायित्व है ? [U] (CO2)

a) सम्पादक b) मैनेजर

c) पटकथा लेखक d) ब्लॉगर

**18.** एकसमान मानकीकृत कोड किसे कहते हैं ? [U] (CO3)

a) यूनिकोड b) योगेश

c) गणेश d) एरियल

**19.** कंप्यूटर वर्जन का छोटा रूप क्या होता है ? [U] (CO5)

a) माउस b) मॉनिटर

c) एप्स d) कीबोर्ड

**20.** बच्चों की ऑनलाइन पत्रिका का नाम क्या है ?[U] (CO5)

a) डिमडिमा b) गूगल मीट

c) ज़ूम मीट d) जोमाटो [1×20=20]

## PART B

### VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Answer any 15 questions

Each question carries 2 marks

**21.** केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान का उद्देश्य क्या है ?[U] (CO3)

**22.** राजभाषा कार्यान्वयन समिति का दायित्व क्या है ? [U](CO2)

**23.** कार्यालयों में हिन्दी अधिकारी की आवश्यकता क्या है ? [U] (CO4)

**24.** हिन्दी सिखाने वाले दो विदेशी विश्वविद्यालयों का नाम लिखिए। [R] (CO3)

**25.** स्थानीय विज्ञापन क्या है ?[U] (CO3)

**26.** अंतर्राष्ट्रीय विज्ञापन क्या है ?[U] (CO3)

**27.** कार्यालय हिन्दी के प्रमुख कार्य क्या हैं ? [U] (CO1)

**28.** संक्षेपण से क्या तात्पर्य है ?[U] (CO1)

**29.** समाचार एंकर का दायित्व क्या है ?[U] (CO2)

**30.** आयकर अधीक्षक के साथ संवाद लिखिए। [U] (CO2)

**31.** यूनिकोड का उपयोग क्या है ?[U] (CO3)

**32.** ऐप्स से क्या तात्पर्य है? [U] (CO5)

**33**. हिन्दी कीबोर्ड के बारे में लिखिए। [U] (CO4)

**34.** डुओलिंगो की विशेषताएँ क्या हैं ? [U] (CO5)

**35.** मेमराइस के उपयोग क्या हैं ? [U] (CO5)

**36.** अगलासेम की विशेषताएँ क्या है ? [U] (CO4)

**37.** एजुकेशन ऑब्ज़र्वर क्या है ? [U] (CO3)

[2×15=30]

MGU UGP HONOURS EXAMINATION

MDC- Women in Contemporary Hindi Cinema -MG2MDCHIN102

Second Semester

Model Question Paper

Time: 1.5 hrs Marks:50

Students should attempt at least one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability.

PART A

MULTIPLE CHOICE QUESTIONS
Answer all questions

Each question carries 1 marks

**1.**सिनेमा का मुख्य लक्ष्य क्या है?[U](CO2)

a) शिक्षा b) मनोरंजन

c) समाचार d) विज्ञापन

**2**. सिनेमा का निर्माण करनेवाले व्यक्ति को क्या कहते हैं? [R](CO2)

a)निर्देशक b)निर्माता

c)अभिनेता d) गायक

**3**. हिन्दी सिनेमा के जनक कौन हैं?[R] (CO4)

a)आर्देशिर ईरानीb) दादा साहब फाल्के

c) लुमियर बन्धुd) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**4.**सुनील दत्त की 'यादें' फ़िल्म की विशेषता क्या है? [U](CO2)

a) यह फ़िल्म गिनीज 'बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज है। b) यह फ़िल्म केवल भारत में मशहूर हुई है।

c) यह फ़िल्म केवल विदेशों में मशहूर हुई है। d) यह फ़िल्म किसी भी देश में मशहूर नहीं हुई है।

**5.**भारत की पहली बोलती फ़िल्म कौन सी है? [R] (CO4)

a)सत्यवान सावित्री b)आलम आरा

c)राजा हरिश्चंद्र d) लंका दहन

**6.**शोले सिनेमा का एक प्रसिद्ध गीत क्या है? [R] (CO5)

a)'मैं पल दो पल का शायर हूँ... b) 'कुछ तो लोग कहेंगे...'

c) 'चिंगारी कोई भड़के...' d) ''ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे...'

**7.**पितृसत्तात्मकता को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है? [R] (CO5)

a) Patriarchy b) Matriarchy
c) Socialism d) Capitalism

**8.**लड़का-लड़की में भेदभाव की शुरुआत कहाँ से होती है?[U] (CO3)

a)कॉलेज b) स्कूल

c) परिवार d) समाज

**9.**कहानी फिल्म में मुख्य भूमिका किसने निभाई थी?[R] (CO1)

a) नरगिस b) नूतन

c) विद्या बालन d) धर्मेन्द्र

**10.**'द डर्टी पिक्चर' फिल्म की कहानी क्या है? [R](CO2)

a) एक गरीब महिला की कहानी b) एक अमीर महिला की कहानी

c) एक मध्यम वर्ग की महिला की कहानी d) एक अभिनेत्री की कहानी

**11.** हिन्दी सिनेमा में लिंग की राजनीति पर आधारित कौन सी फिल्में हैं?[R] (CO1)

a) मैरी कॉम b) गुंजन सक्सेना द कारगिल गर्ल

c) चक दे इंडिया d) उपरोक्त सभी

**12.**अन्तरजातीय विवाह के विषय पर कौन सी फिल्म बनाई गई है? [R] (CO4)

a)बुलबुल b) बैंडिट क्वीन

c) कभी खुशी कभी गम d) दहेज

**13.** 'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म की नायिका शशि की सबसे बड़ी समस्या क्या है? [U] (CO1)

a) पति की उपेक्षा b) इंग्लिश नहीं आना

c) बच्चों की उपेक्षा d) आर्थिक समस्याएँ

**14.** 'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म में शशि किसमें निपुण है? [U] (CO2)

a)लेखन b) गायन

c) नृत्य d) पाककला

**15.**'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म का निर्देशन किसने किया है? [R] (CO4)

a) गौरी शिन्दे b) राकेश झुनझुनवाला

c) सुनील लुल्ला d) आर. बाल्की

**16.**'थप्पड़' सिनेमा का निर्देशन किसने किया है? [R] (CO4)

a) अनुभव सिन्हा b) गौरी शिन्दे

c) राकेश झुनझुनवाला d) सुनील लुल्ला

**17.**'थप्पड़' सिनेमा कब रिलीज हुई? [R] (CO4)

a) 2019    b) 2020
c) 2021    d) 2022

**18.**‘थप्पड़’ सिनेमा में कौन सी अभिनेत्री मुख्य भूमिका में है? [R] (CO1)

a)प्रियंका चोपड़ा    b) तापसी पन्नू

c) दीपिका पादुकोण    d) आलिया भट्ट

**19.**‘पिंक’ सिनेमा का निर्देशन किसने किया है?  [R] (CO4)

a) अनिरुद्ध रॉय चौधरी    b) शूजित सिरकार

c) अमिताभ बच्चन    d) अर्जुन कपूर

**20.**‘पिंक’ सिनेमा में अमिताभ बच्चन की क्या भूमिका है? [R] (CO3)

a) एक पुलिस अधिकारी की भूमिका    b) एक वकील की भूमिका

c) एक पिता की भूमिका    d) एक दोस्त की भूमिका    [1×20=20]

PART B

VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Answer any 15 questions

Each question carries 2 marks

**21.** ‘पिंक’ सिनेमा मुख्य रूप से किन दो व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिह्न लगाता है? [U] (CO2)

**22.** स्त्री के मॉडर्न कपड़े पहनने के संबंध में ‘पिंक’ सिनेमा में क्या कहा गया है? [U](CO1)

**23.** ‘थप्पड़’ सिनेमा का क्या महत्व है?[U] (CO2)

**24.** ‘थप्पड़’ सिनेमा में अम्मू अपनी सास से खाना बनाने के संबंध में क्या पूछती है? उसके जवाब में सास क्या कहती है? [U] (CO1)

**25.** 'इंग्लिश विंग्लिश' सिनेमा की नायिका का नाम क्या है? वह कैसे कमाती थी? [U] (CO1)

**26.** इंग्लिश विंग्लिश फिल्म का मुख्य संदेश क्या है?[U] (CO2)

**27.** 1970-1980 के दौर की प्रमुख हिंदी एक्शन सिनेमा का नाम लिखिए। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभानेवाले दो अभिनेताओं के नाम लिखिए ? (एक स्त्री और एक पुरुष का)  [U] (CO4)

**28.** प्रेम कहानी को मुख्य विषय बनाकर बनाई गई दो हिंदी फ़िल्मों के नाम लिखिए। [U] (CO4)

**29.** प्रारम्भिक हिन्दी सिनेमा किस विषय पर आधारित थे? एक उदाहरण लिखिए। [U] (CO5)

**30.** हिंदी सिनेमा में प्रस्तुत स्त्री की दो सम्स्याओं का, उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए। [U] (CO1)

**31.** ऐसी दो फ़िल्मों के नाम लिखिए जिसमें स्त्री को हीन दृष्टि का शिकार होना पड़ता है। [U] (CO1)

**32.** हिन्दी सिनेमा में स्त्री केन्द्रित सिनेमा क्या है? एक उदाहरण लिखिए। [U] (CO1)

**33**. हिन्दी सिनेमा में स्त्री की छवि कैसे बदल रही है? [U] (CO3)

**34.** स्त्री की आर्थिक स्थिति में क्या बदलाव आया है ?[U] (CO3)

**35.** युद्ध, दंगा आदि के मौके पर किस पर ज़्यादातर शोषण होता है? क्यों? [U] (CO5)

**36.** 'नीचा नगर' किसकी फ़िल्म है? इस फ़िल्म को किस फ़िल्म फ़ेस्टिवल में पुरस्कार प्राप्त हुआ है? [R] (CO4)

**37.** भारतीय फ़िल्म संस्थान की स्थापना कब हुई ? वह भारत सरकार के किस मंत्रालय के अधीन है? [R] (CO4)

[2×15=30]